**Code No. 03**

Total No. of Questions : 51 ]

Total No. of Printed Pages : 7 ]

**June/July, 2010**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes ] [ Max. Marks : 100

**सूचना :** i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है ।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है ।

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

1) ककड़ीवाला कितने खे लाया था ?

2) सिर पर क्या बुना जा रहा है ?

3) एड्स रोग के कितने बड़े लक्षण हैं ?

4) सुबेदारनी के पुत्र का नाम क्या है ?

5) पेड़ पर क्या लटक रहे थे ?

6) बसवेश्वर ने अनुभव मंटप की स्थापना कहाँ की ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $3 \times 3 = 9$

7) बाजार में ककड़ीवाला व्यापार किस प्रकार करता था ?

8) बसवेश्वर ने बिज्जल के प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र क्यों दिया ?

9) भ्रमण के लिये नक्शे से क्या मदद मिलती है ?

10) लहना सिंह बोधा सिंह की सेवा किस प्रकार करता है ?

11) एड्स रोगी बहुत समय तक स्वस्थ दिखता है । क्यों और कैसे ?

[ Turn over

II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे कहा ? 4 × 1 = 4

12) आदमी जो है, इतनी अकल कहाँ ?

13) देखते नहीं, यह रेशम का कढ़ा हुआ सालू ।

14) अच्छा आओ इस अलाव को कूदकर पार करें ?

15) चित्रगुप्त ! इस आत्मा से अस्थियाँ क्यों लिपटी हुई हैं ?

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 × 3 = 6

16) बुढ़ापे से हार मानकर यौवन का ढोंग रचते हैं ।

17) लेकिन फिर भी इनको इतना ख्याल होना चाहिए कि यह हमारा प्राइवेट घर है ।

18) हल्कू की पवित्र आत्मा में तो उस कुत्ते के प्रति घृणा की गंध तक न थी ।

19) युवावस्था में किसी को विधवा बनाना युगधर्म नहीं है ।

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

20) हरि स्मरण रूपी धन को कबीर कहाँ छिपा लेता है ?

21) यशोदा किसे पालने में झुला रही है ?

22) मानव जीवन में किसका आगमन हुआ है ?

23) कवयित्री ने अपने जीवन की तुलना किसके साथ की है ?

24) घर की लक्ष्मी रोती है, तो गरीब क्या करता है ?

25) किस परिस्थिति में कवि ने गीत लिखे हैं ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 3 = 6

26) हरि स्मरण के बारे में कबीर ने क्या कहा ?

27) गोपियों के विरह का वर्णन कीजिए ।

28) राधा कृष्ण को किस प्रकार अपनी स्मृति दिलाने के लिये पवन से कहती है ?

29) भूख से तड़पनेवाले और सुख की नींद करने वालों के बारे में कवयित्री ने क्या कहा है ?

इ) निम्नलिखित के ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2 × 4 = 8

30) जयति संजीवनी समय संकट हनुमान

धनवान महिमा बखानी

बाहुबल-विपुल, परमित पराक्रम अतुल,

गुढ़ गति जानकी-जानि जानी ।

**अथवा**

पग बांध घुँघरयाँ ण्याचारी ॥ टेक ॥

लोग कहयाँ मीराँ बावरी, सासू कहयाँ कुल नासी, री ।

विष रो प्यालो राणा भेज्याँ, पीवाँ मीराँ हाँसाँ री ।

तण मण वारयाँ हरि चरण माँ दरसण अमरित प्यासाँ री ।

मीरा रे प्रभु गिरिधर नागर, थारी सख्याँ आस्याँ री ॥

31) स्वयं सुसज्जित करके क्षण में

प्रियतम को, प्राणों के पण में

हमीं भेज देती हैं रण में

क्षात्र धर्म के नाते ।

**अथवा**

मुसल्मान औ' हिंदू हैं दो,

एक, मगर, उनका प्याला,

एक, मगर, उनका मदिरालय

एक, मगर, उनकी हाला;

दोनों रहते एक न जब तक

मस्जिद-मंदिर में जाते;

बैर बढ़ाते मस्जिद-मंदिर

मेल कराती मधुशाला ।

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के **एक** शब्द, वाक्यांश या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

32) गोपीचंद के बड़े भाई का नाम क्या है ?

33) मटरू किस रोग से पीड़ित था ?

34) मटरू को कितने साल की सजा हुई थी ?

35) मटरू का ससूर खाने के लिए क्या लाया था ?

36) पूजन ने मटरू से क्या बोने के लिए कहा ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 5 = 10

37) मानिकचंद की हत्या क्यों और कैसे हुई ?

38) भाभी अपने सास-ससुर की सेवा किस प्रकार करती थी ?

39) मटरू ने विधवा-विवाह किस ढंग से कराया ?

40) गोपीचंद का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

V. अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 4 × 1 = 4

41) i) सीता पढ रहा था ।

ii) वे स्कूल जाने लगा ।

iii) वह साईकल पर सवार थे ।

iv) तेरे को मृत्युदंड मिला है ।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारकों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 4 × 1 = 4

( की, से, में, पर )

42) i) वह ऊपर ………………… गिर गया ।

ii) मेज ………………… किताब है ।

iii) उस ………………… आँखें लाल हैं ।

iv) उस ………………… हिम्मत है ।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 4 × 1 = 4

43) i) मैं चल नहीं सकता । ( वाच्य बदलिए )

ii) लड़का किताब पढ़ता है । ( वाच्य बदलिए )

iii) वह चला गया । ( वर्तमान काल में बदलिए )

iv) मंत्रीजी भाषण दे रहे हैं । ( भूतकाल में बदलिए )

ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44) i) | पेट पर लात मारना | a) | हार मानना |
| ii) | आँखें दिखाना | b) | आजीविका छीनना |
| iii) | घुटने टेकना | c) | चुगली करना |
| iv) | कान भरना | d) | गुस्सा करना । |

उ) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

45) धोबिन, ऊँट ।

ऊ) निम्न के अन्य वचन रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

46) फिल्म, कहानी ।

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का सार लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : 1 × 5 = 5

47) विज्ञापन करने का प्रधान साधन है समाचार पत्र । इससे विज्ञापन देनेवाले, समाचार पत्रों को निकालनेवाले और तत्संबंधी उपभोक्ताओं को जहाँ लाभ होता है वहीं उससे कहीं अधिक लाभ उन व्यक्तियों को होता है, जो समाचार पत्र पढ़ते हैं । समाचार पत्र में यदि विज्ञापन न आवे तो इनका मूल्य बहुत कुछ बढ़ जाता है, जिससे पढ़नेवालों की संख्या भी निश्चित रूप से कम हो जायेगी । विज्ञापन का शिक्षा की दृष्टि से भी अधिक महत्व होता है, क्योंकि इससे जनता को बहुत सी ऐसी वस्तुओं के बारे में ज्ञान हो जाता है, जो उनके पहले मालूम नहीं रही हो । उदाहरण के लिए, कभी-कभी समाचार पत्रों में हम देखते हैं कि बहुत सी दवाइयों के नुस्खे आया करते हैं जिससे यह ज्ञान होता है कि अमुक दवाई में कौन-कौन-सी वस्तुएँ मिली हैं ।

**अथवा**

यात्रा के लिए रुपये माँगते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।

आ) निम्न के हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

48) a) Books are our best friends.

ಪುಸ್ತಕಗಳು ನಮ್ಮ ಉತ್ತಮ ಮಿತ್ರರು.

b) The Indian tradition is very ancient.

ಭಾರತದ ಪರಂಪರೆ ತುಂಬಾ ಹಳೆಯದು.

c) The priest taught him the principles of religion.

ಪುರೋಹಿತನು ಅವನಿಗೆ ಧರ್ಮದ ಸಿದ್ಧಾಂತಗಳನ್ನು ಕಲಿಸಿದನು.

d) Once an old woman was travelling in a train.

ಒಂದು ಸಲ ಒಬ್ಬ ಮುದುಕಿಯು ರೈಲಿನಲ್ಲಿ ಪ್ರಯಾಣ ಮಾಡುತಿದ್ದಳು.

e) He asked the old woman to show him her ticket.

ಅವನು ಮುದುಕಿಗೆ ಟಿಕೆಟ್ ತೋರಿಸಲು ಹೇಳಿದನು.

VII. अ) निम्न के पद परिचय दीजिए : $1 \times 3 = 3$

49) वह अपना काम करता है ।

आ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए : $4 \times 1 = 4$

50) पुरुष, मंगल, रिक्त, स्थिति ।

इ) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग को अलग कर लिखिए : $3 \times 1 = 3$

51) अवगुण, उद्‌भव, अनुसंधान ।